www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

लखनऊ, शनिवार, 25 अप्रैल 2026

## सुविचार



भारतीय संविधान के अनुसार, नागरिकों को सामाजिक और आर्थिक न्याय पाना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है।

- हरिशंकर परसाई

## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- फेसबुक पर दोस्ती, होटल में बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म II
- रिश्तों में अधिकार के लिए ले सकती हैं जासूसों की मदद III
- एकेटीयू में चार नए विषय में विद्यार्थी कर सकेंगे शोध IV


## शहर में आज



- बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में पर्यावरण और ग्रीन हाउस गैसों पर कार्यशाला का आयोजन- 10:00 बजे से।
- गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में कावेरी अपार्टमेंट के पीछे साइट ऑफिस में एलडीए का ओटीएस कैम्प- 10:00 बजे।
- उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में जन विचार मंच की ओर से ईरान-अमेरिक, इस्राइल युद्ध और वैश्विक अर्थव्यवस्था विषयक विचार गोष्ठी- 4:30 बजे से।
- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर प्रेक्षागृह में रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी कृति रश्मिरथी के हीरक जयंती वर्ष पर नाट्य प्रस्तुति युवाओं के प्रणेता स्वामी विवेकानन्द का मंचन- 6:00 बजे से।

☞ ' पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### किसानों का प्रदर्शन पहली मई को

**अमृत विचार, लखनऊ :** योजनाओं में अधिग्रहित जमीन का संपूर्ण भुगतान न होने पर अब किसान 1 मई को मुख्यमंत्री आवास कूच करेंगे। भाकियू राष्ट्रवादी अराजनैतिक के अध्यक्ष अशोक यादव ने बताया कि किसानों की जमीन नगर निगम और एलडीए की योजनाओं में 40 वर्ष पहले ली गई थी। इसका संपूर्ण मुआवजा किसानों को नहीं मिला है। एलडीए के बाद जोन-4 नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन किया था, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

### दिव्यांग ऋण लेकर खोलें दुकान

**अमृत विचार, लखनऊ :** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने अपनी दुकान निर्माण व संचालन योजना पर जोर दिया है। दिव्यांग ऋण लेकर घर बैठे कामकाज कर सकते हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शशांक सिंह ने बताया कि दुकान निर्माण के लिए 20 हजार रुपये वित्तीय सहायता मिलती है। इसमें 15 हजार रुपये पर मात्र 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देय होगा, जबकि पांच हजार रुपये अनुदान के रहेंगे। जो लाभार्थी खोखा, गुमटी, हाथ ठेला आदि का संचालन करना करना चाहते हैं उन्हें 10 हजार रुपये की वित्तीय मिलेगी। इसमें 7,500 पर 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देना होगा, जबकि 2500 रुपये अनुदान के तौर पर दी जाएगी। आवेदन विभागीय वेबसाइट पर करने हैं।

### चार शोधार्थियों का केजीएमयू में चयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के चार शोधार्थियों का किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में नॉन-टीचिंग पदों के अंतर्गत रिसेप्शनिस्ट के पद पर चयन हुआ है। चयनित शोधार्थियों में डॉ. कुलदीप कुमार, अभिषेक कुमार, उज्जवल कुमार एवं विद्यासागर शामिल हैं। डॉ. कुलदीप कुमार ने अपना शोध कार्य विभाग की डॉ. रचना गंगवार के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है, जबकि अभिषेक कुमार वर्तमान में डॉ. गंगवार के निर्देशन में शोधरत हैं। वहीं, उज्जवल कुमार एवं विद्यासागर डॉ. महेंद्र कुमार पाढ़ी के निर्देशन में अपना शोध कार्य कर रहे हैं।

### 95 बीघा में तीन अवैध प्लाटिंग की ध्वस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को किसान पथ के पास बुलडोजर चलाकर 95 बीघा क्षेत्रफल में की गई तीन अवैध प्लाटिंग ध्वस्त कर दी। कार्रवाई बिल्डरों द्वारा एलडीए ने मानचित्र स्वीकृत कराये बिना कॉलोनी विकसित करने पर की गई। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अजयवीर व अन्य द्वारा बीबीडी थानाक्षेत्र के जुग्गौर के ग्राम दुधरा व कुम्हारनपुरवा में किसान पथ के पास लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करके कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह अवध डेवलपर्स के एसपी सिंह व अन्य द्वारा ग्राम मेहौरा व सिकन्दरपुर में लगभग 30 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग की गई। इसके अलावा अनमोल स्टेट व अन्य द्वारा ग्राम नूरपुर बेहटा में लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग की गई। एलडीए से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना निर्माण करने पर तीनों स्थलों पर प्लाटिंग ध्वस्त कर दी।

# कल्याण सिंह कैंसर संस्थान को लगा लापरवाही का रोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 9 अक्टूबर को मिला था 19 करोड़ रुपये बजट
- संस्थान के लिए खरीदे जाने थे उपकरण और फर्नीचर
- अधिकारी छह माह में नहीं कर पाए खरीद, बजट लैप्स

**अमृत विचार :** चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान को लापरवाही का रोग लग गया है। मरीजों को आधुनिक इलाज मुहैया कराने के लिए शासन से करीब 19 करोड़ रुपये का बजट मिला था, लेकिन छह महीने में अधिकारी उपकरण और फर्नीचर की खरीद नहीं कर सके। वित्तीय वर्ष समाप्त होने पर धनराशि शासन को लौट गई।

कैंसर संस्थान को उपकरण और फर्नीचर खरीद के लिए 9 अक्टूबर 2025 को 19 करोड़ रुपये का बजट मिला था। शुरुआत में ही अधिकारियों ने खर्च प्रक्रिया में रुचि नहीं दिखाई। समय बीतता गया और 31 मार्च को वित्तीय वर्ष समाप्त हो गया। बजट वापस जाने के बाद संस्थान प्रशासन ने शासन को पत्र भेजकर पुनः वित्तीय स्वीकृति की मांग की है। जिससे कि 26 प्रकार के उपकरणों और फर्नीचर की खरीद प्रक्रिया शुरू की जा सके। उपकरणों की खरीद के लिए अपनाई गई टेंडर प्रक्रिया भी सवालों के घेरे में है। आरोप है कि प्रक्रिया में बार-बार बदलाव किए गए और जेम पोर्टल के नियमों को नजरअंदाज कर कस्टम बिड जारी की गई। इस मामले में शासन स्तर पर शिकायत भी दर्ज कराई गई है।

शासन ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संस्थान प्रशासन से दो दिन के भीतर जवाब मांगा था, लेकिन करीब दस दिन बीत जाने के बाद भी कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। इससे संस्थान की कार्यप्रणाली पर और भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं, संस्थान प्रशासन भी इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहा है।

## लारी कार्डियोलॉजी में दलाल भिड़े, मची अफरा-तफरी



**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के लारी कार्डियोलॉजी विभाग में शुक्रवार को दलालों के बीच मारपीट हो गई। इससे अफरा तफरी मच गई, लोग इधर उधर भागने लगे। अचानक हुई मारपीट से परिसर में अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एचआरएफ काउंटर के पास दवा लेने के लिए बड़ी संख्या में मरीज और तीमारदार कतार में खड़े थे। इसी बीच दो गुटों में कहासुनी शुरू हो गई। बात बढ़ने पर में हाथापाई होने लगी। सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे, इससे पहले दलाल भाग निकले। गौरतलब है कि लारी कार्डियोलॉजी परिसर में लंबे समय निजी मेडिकल स्टोर के दलाल सक्रीय हैं। मरीजों और तीमारदारों को बहला-फुसलाकर निजी लाभ कमाने की कोशिश करते हैं। केजीएमयू प्रशासन ने हाल ही में दलालों के खिलाफ अभियान चलाकर कुछ लोगों को पकड़ा और पुलिस के हवाले भी किया था। इसके बावजूद इनकी गतिविधियों पर स्थायी रोक नहीं लग पा रही है और वे बार-बार सक्रिय हो जाते हैं। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से अस्पताल का कामकाज प्रभावित हो रहा है और मरीजों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं कर्मचारियों में भी डर का माहौल है, जिसके चलते वे खुलकर विरोध करने से बच रहे हैं। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. केके सिंह का कहना है कि दलालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही लारी कार्डियोलॉजी में फिर छापे मारे जाएंगे।

## हृदय प्रत्यारोपण की मरीज स्वस्थ, आज होगी छुट्टी

**अमृत विचार, लखनऊ :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में प्रदेश के पहले हृदय प्रत्यारोपण की मरीज पूरी तरह स्वस्थ हैं। सीतापुर निवासी 43 वर्षीय महिला बातचीत और भोजन कर रही हैं। बिना सहारे के सामान्य रूप से चल-फिर भी रही हैं। चिकित्सकों के अनुसार शनिवार को उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। उपलब्धि पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मुख्य सचिव एसपी गोयल, संस्थान निदेशक डॉ. आरके धीमन सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी हृदय प्रत्यारोपण करने वाली टीम के डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित करेंगे।

# बढ़ेगी गर्मी, 48 घंटे का अलर्ट

### 42 डिग्री सेल्सियस रहा शुक्रवार का तापमान, आज 43 डिग्री पहुंचने की संभावना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सूरज के तल्ख तेवर को देखते हुए गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं दिख रही है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग ने 48 घंटे के लिए अलर्ट जारी किया है। शनिवार को पारा 43 डिग्री पहुंचने की संभावना है।

गर्मी और तेज धूप के कारण शुक्रवार की दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा सा छाया रहा। जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से निकलें। घर, आफिस और दुकानों में भी गर्मी से लोग बेहाल रहे। सड़कों पर कोई छाता तो कोई अंगौछा से सिर व मुंह ढककर निकला। विभागीय स्तर से भी कोई इन्तजाम नजर नहीं आए। पशु-पक्षी भी बेहाल दिखे।उधर, सीवीओ डॉ. सुरेश कुमार ने गोशालाओं के लिए अलर्ट जारी किया है।

गोवंशों को गर्मी, धूप और लू से बचाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि दोपहर में टीनशेड पन्नी, तिरपाल आदि से ढके रहें। टिनशेड के ऊपर पराली बिछा दें। इससे टिनेशड नहीं तपेंगे। गोवंशों को ताजा पानी पिलाएं, चारा व साइलेज दें। चिकित्सक नियमित जाकर स्वास्थ्य परीक्षण करें। लापरवाही मिली तो कार्रवाई करेंगे।



तेज धूप से खुद को बचाने के लिए चुनरी ओढ़कर और छाता लगाकर जातीं युवतियां।

## गीतापल्ली वार्ड में पानी की समस्या, जलकल कार्यालय घेरा



जलकल कार्यालय के घेराव के दौरान सपा नेता व अन्य।

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैंट विधानसभा क्षेत्र के गीतापल्ली वार्ड में दो माह से लोग पानी की समस्या से परेशान हैं।रात में कुछ देर के लिए बदबूदार पानी की आपूर्ति की जाती है, ये पानी न तो नहाने लायक होता है और न कपड़ा धोने लायक। परेशान लोगों ने शुक्रवार को सपा नेता पवन मनोचा की अगुवाई में पार्षद, पूर्व पार्षद और स्थानीय लोगों ने चंदरनगर जलकल कार्यालय का घेराव किया। मनोचा ने बताया कि समस्या को लेकर क्षेत्रवासियों ने कई बार जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता और महाप्रबंधक से शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं निकला। परेशान लोगों ने शुक्रवार को जलकल कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी की।प्रदर्शनकारियों ने लिखना-पढ़ना बंद करो, स्वच्छ पानी का प्रबंध करो जैसे नारे लगाए। धिकारियों को शिकायत पत्र भी दिया। इसके बाद मनोचा के साथ अधिशासी अभियंता ओम प्रकाश सिंह से मौका-मुआयना कर बोरिंग का काम शुरू कराया। अधिशासी अभियंता ने आश्वस्त किया कि जल्द ही पानी की दिक्कत दूर हो जाएगी। प्रदर्शन में पार्षद जीतू यादव, पूर्व पार्षद अरविंद यादव, रितेश साहू, संतोष रावत, मनोज सिंह, जितेंद्र यादव, रंजीत कुमार, अभिषेक भट्ट, अंकित गुप्ता सहित कई लोग शामिल रहे।

## लेबर अड्डों पर होगा पानी और छाया का इंतजाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** बढ़ती गर्मी को देखते हुए श्रम विभाग शहर के लेबर अड्डों पर छाया, पेयजल शौचालय समेत अन्य व्यवस्था कराएगा। विभाग स्थायी और सुविधाजनक केंद्र स्थापित कराएगा। ये केंद्र नगर निगम, विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग या अन्य सरकारी विभागों की भूमि पर बनाए जाएंगे। भूमि का स्वामित्व संबंधित विभाग के पास ही रहेगा। केंद्रों का संचालन नगर निगम कराएगा। केंद्रों पर प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 10 बजे तक पंजीकरण भी किया जाएगा, जिससे कि उन्हें काम मिलने में आसानी हो सके। तेलीबाग निवासी रामदास और मवैइया के कल्लू ने कहा कि शेड और पानी की सुविधा मिलने से श्रमिकों की सेहत पर विपरीत असर नहीं पड़ेगा। पल्टन छावनी के छेदीलाल ने भी स्थायी स्थान मिलने को बड़ी राहत बताया।

# महामंत्री पद पर जितेंद्र यादव ने बनाई निर्णायक बढ़त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष पद पर जीएन शुक्ला आगे

**अमृत विचार:** लखनऊ बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में महामंत्री पद पर जितेंद्र यादव ने मजबूत बढ़त बना ली है, जबकि अध्यक्ष पद पर जीएन शुक्ला और सुरेश पांडेय के बीच कांटे का मुकाबला चल रहा। देर रात तक वोटों की गिनती जारी थी।

लखनऊ बार एसोसिएशन के चुनाव में कैसरबाग स्थित परिसर में बुधवार को 3672 मतदाताओं में 2722 ने मताधिकार का प्रयोग किया। शुक्रवार को वोटों की गिनती शुरू की गई। शुरुआती गिनती में अध्यक्ष और महामंत्री पद पर कड़ा मुकाबला नजर आया, लेकिन मतगणना आगे बढ़ने के साथ ही जितेंद्र यादव 'जीतू' ने काफी बढ़त बना ली। जितेंद्र यादव 614 वोट लेकर आदर्श मिश्रा से आगे चल रहे थे। आदर्श को 476, कुलदीप वर्मा को 300, मारुत शर्मा (65) और कामिनी ओझा (11) वोट मिले चुके थे। अध्यक्ष पद पर 1500 वोटों की गिनती हो चुकी थी। इसमें जीएन शुक्ला 'चच्चू' 688 वोट लेकर बढ़त बनाए थे। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी सुरेश पांडेय को 618 वोट मिले हैं।

वहीं राजेंद्र शर्मा 75 और परशुराम मिश्र 65 वोटों के साथ काफी पीछे हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर भी रोचक मुकाबला देखने को मिल रहा है। मनीष श्रीवास्तव 317 वोटों के साथ आगे हैं, जबकि यज्ञमणि को 221 और सौरभ को 197 वोट मिले हैं।

# नौ नॉन पीजी जेआर डॉक्टरों ने छोड़ी नौकरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर**

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर में बांड के तहत नियुक्त नॉन पीजी जूनियर रेजिडेंट (जेआर) डॉक्टरों के नौकरी छोड़ने से इलाज में दिक्कतें आ रही हैं।

400 बेड वाले ट्रॉमा सेंटर में रोजाना 200 से 250 मरीज कैजुअल्टी में पहुंचते हैं। इसमें 80 से 90 मरीजों को भर्ती किया जाता है। मार्च में बांड के तहत 11 नॉन पीजी जेआर डॉक्टरों की नियुक्ति की गई थी। इन्हें एक लाख रुपये से अधिक वेतन भी दिया जा रहा था। इनमें कुछ डॉक्टर शुरुआती दिनों में आए और बाद में एक-एक कर 9 डॉक्टरों ने सेवा देने से इनकार कर दिया। दो डॉक्टर फिलहाल अवकाश पर हैं। डॉक्टरों की कमी से विशेषज्ञ सेवाओं पर असर पड़ रहा है। मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। इसे देखते हुए केजीएमयू प्रशासन ने नए सिरे से भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है।

ट्रॉमा प्रभारी डॉ. प्रेमराज ने बताया कि कई डॉक्टरों का चयन पीजी कोर्स में हो गया है, कुछ ने अत्यधिक कार्य के कारण नौकरी छोड़ दी। पूरे मामले की रिपोर्ट निदेशालय चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण (डीजीएमई) को भेजी गई है। जहां से बांड की शर्तों के तहत संबंधित डॉक्टरों से राशि जमा कराई जाएगी।

# भूमिगत केबल में फाल्ट, बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंडरग्राउंड केबिल फाल्ट में आग लगने से आलमबाग नटखेड़ा रोड बाजार और आसपास के क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई। जमीन के भीतर केबिल दहकने से आग के शोले सड़क पर लंबी दूरी तक निकलने लगे। जमीन फाड़कर निकल रहे शोलों से इलाके में भगदड़ जैसे हालात रहे। आग पर काबू पाने के लिए बिजली कर्मी मौके पर पहुंचे और खुदाई शुरू कर समस्या ढूंढने लगे। देर शाम तक बिजली बहाल नहीं हो सकी थी। आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार के मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा ने चंदर नगर पावर हाउस में फोन से सूचना दी। करीब शाम सवा सात बजे आग ने सड़क के भीतर से ही रास्ता बना लिया। काफी देर तक आग के शोले उठते रहे। व्यापारियों का कहना है कि सूचना के बाद करीब साढ़े. आठ बजे बिजली कर्मचारी मौके पर पहुंचे। पूरे इलाके और मार्केट में अंधेरा है। घरों में रहने वाले लोग भी इस भीषण गर्मी में परेशान हैं। खबर लिखे जाने तक बिजली कर्मचारी फाल्ट खोज रहे थे। व्यापारी नेता ने बताया कि गुरुवार गुरुवार रात्रि साढ़े नौ बजे से बिजली की कटौती जारी है। देर रात तक आवाजाही और कटौती का सिलसिला बना रहा। मनीष अरोड़ा ने बताया कि अधिकारी फोन तक रिसीव नहीं करते हैं। काफी देर बाद बात हो पाई। आलमबाग चन्दर नगर में भी शिकायतों पर कोई सुनवाई न होने से उपभोक्ताओं को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। चंदर नगर में वोल्टेज में भारी उतार चढ़ाव बना रहता है। इससे इलेक्ट्रानिक उपकरणों के फुंकने की आशंका बनी रहती है।

# लखनऊ से आठ रूट पर चलेंगी 22 नई एसी बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कैसरबाग और आलमबाग बस अड्डों से होगा संचालन

**अमृत विचारः** वोल्वो बसों को रोडवेज से हटा कर 42 सीटर नई एयरकंडीशन बसों को शामिल किया जा रहा है। ये 22 नई एसी बसें कानपुर कार्यशाला से अवध बस डिपो पहुंची हैं। बसों का संचालन कैसरबाग और आलमबाग बस अड्डों से किया जाएगा।

अवध डिपो के एआरएम सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि फिलहाल चार रूटों पर प्रयोग के तौर पर बसें चलाई जा रही हैं। चार अन्य रूटों पर 25 अप्रैल से नियमित संचालन होगा। बसों में ऑनलाइन सीट बुकिंग की व्यवस्था भी है। चौधरी ने बताया कि आलमबाग से प्रयागराज का किराया 460 रुपये है। ये बस सुबह 7 व दोपहर 12 बजे चलेगी। इसी तरह बनारस के लिए 711 रुपये किराए में सुबह 9, 10:30 व दोपहर 3 बजे बसें मिलेंगी। गोरखपुर के लिए सुबह 9:30 बजे रवाना होने वाली बस का किराया (686 रुपये, आजमगढ़ वाया एक्सप्रेसवे सुबह 9 बजे रवाना होने वाली बस का किराया678 रुपये है। वाया एक्सप्रेसवे मथुरा रात 10:30 बजे जाने वाली बस 889 रुपये और बरसाना रात 10:30 बजे जाने वाली बस में 992 रुपये किराया देकर सफर किया जा सकता है। कैसरबाग से गौरी फंटा के लिए सुबह 8 बजे, आगरा के लिए सुबह 9:30 बजे व रात 11 बजे बसें रवाना चलेंगी।

## होमगार्ड परीक्षा के लिए चलेंगी चार स्पेशल ट्रेनें

उत्तर प्रदेश होमगार्ड परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए उत्तर रेलवे ने चार विशेष ट्रेनें चलाएगा। ट्रेनों का संचालन 25, 26 और 27 अप्रैल को होने वाली परीक्षा के मद्देनज़र किया जाएगा। 04220 लखनऊ जंक्शन-जौनपुर परीक्षा स्पेशल शाम 6:20 बजे लखनऊ से चलकर बाराबंकी, रुदौली, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, अकबरपुर और शाहगंज होते हुए जौनपुर पहुंचेगी। 04222 लखनऊ जंक्शन-प्रयाग स्पेशल शाम 5:30 बजे चलकर निहालगढ़, सुलतानपुर, मां बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन और फाफामऊ के रास्ते प्रयाग पहुंचेगी। इसके अलावा 04223 वाराणसी-मऊ स्पेशल शाम 6 बजे जौनपुर और औड़िहार होते हुए मऊ जाएगी। 04224 वाराणसी-बिजैली स्पेशल शाम 6:35 बजे औड़िहार, गाजीपुर और युसुफपुर के रास्ते संचालित होगी।

**विश्व मलेरिया दिवस आज** — 2023 में 97 मरीज मिले थे, 2025 में संख्या बढ़कर पहुंच गई 676

# तीन वर्ष में छह गुना बढ़ गए मलेरिया के मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** मलेरिया की रोकथाम के लिए संचारी अभियान के तहत कई वर्ष से जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, फागिंग और दवा छिड़काव का दावा भी किया जाता है, इसके बावजूद मलेरिया की मरीजों का आंकड़ा साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है। वर्ष 2023 में जहां 97 मरीज मिले थे वहीं वर्ष 2025 में इनकी संख्या बढ़कर लगभग सात गुना बढ़कर 676 पहुंच गई।

सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है कि जागरूकता का ही परिणाम है कि लोग अब लक्षणों की पहचान कर समय रहते मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस का उद्देश्य भी लोगों को मच्छर जनित बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। मलेरिया एक रक्त संक्रमण है, ये मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। जिला मेलिरया अधिकारी ऋतु श्रीवास्तव ने बताया कि फागिंग और एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है। मलेरिया के लक्षण वाले मरीजों की पहचान कर जांच कराई जा रही है।

### प्रमुख लक्षण

- बुखार, सिरदर्द और ठंड लगना इसके सामान्य लक्षण हैं, जो संक्रमण के 10 से 15 दिनों के भीतर दिखाई देते हैं। इसके अलावा अत्यधिक थकान, बेहोशी, सांस लेने में दिक्कत, पेशाब में खून आना, आंखों व त्वचा का पीला पड़ना तथा असामान्य ब्लीडिंग भी इसके गंभीर संकेत हैं।

### वर्षवार आंकड़े

| वर्ष | मरीज |
|---|---|
| 2025 | 676 |
| 2024 | 492 |
| 2023 | 97 |
| 2022 | 127 |
| 2021 | 34 |
| 2020 | 25 |
| 2019 | 146 |
| 2018 | 168 |

### टीकाकरण के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नर्सिंग कॉलेज की ओर से विश्व टीकाकरण सप्ताह के अंतर्गत राम प्रकाश गुप्ता मातृ एवं शिशु अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। बीएससी नर्सिंग बैच 2023 के विद्यार्थियों की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम की थीम ''हर पीढ़ी के लिए टीके प्रभावी हैं'' रही। माताओं एवं देखभालकर्ताओं ने प्रश्न पूछे और शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। लीना प्रविल जॉन, पार्वती सी, वर्षा, डॉ. डीके श्रीवास्तव और प्रो. निपिन कलाल की देखरेख में कार्यक्रम हुआ।

# बिना चीरा लगाए हुई थायराइड की सर्जरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लोहिया संस्थान में एंडोस्कोपिक तकनीक का पहली बार इस्तेमाल
- मरीज को बहुत कम दर्द हुआ, कुछ घंटों में लेने लगी सामान्य आहार

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में पहली बार 19 वर्षीय युवती की थायराइड गांठ की एंडोस्कोपिक सर्जरी की गई। आधुनिक तकनीक से गर्दन पर कोई बड़ा चीरा नहीं लगा और मरीज को सर्जरी के तुरंत बाद बहुत कम दर्द महसूस हुआ। कुछ ही घंटों में सामान्य आहार लेने के साथ रोजमर्रा के कार्य करने लगी।

एंडोक्राइन सर्जरी विभाग विशेषज्ञ डॉ. मिथुन राम ने बताया कि अयोध्या निवासी युवती के गर्दन के दाहिने हिस्से में कैंसर मुक्त थायराइड की गांठ थी।ओपीडी में परामर्श के दौरान युवती ने पारंपरिक सर्जरी के बड़े निशान से बचने की इच्छा जताई और एंडोस्कोपिक तकनीक से ऑपरेशन कराने का निर्णय लिया। इसके बाद डॉ. मिथुन राम, डॉ. अश्विनी रहालकर और डॉ. सारा इदरीस की टीम ने कांख और स्तन के पास तीन छोटे छेद कर दूरबीन विधि से सफल ऑपरेशन किया। विशेषज्ञों के अनुसार, पारंपरिक थायराइड सर्जरी में गर्दन के बीचों-बीच बड़ा चीरा लगाना पड़ता है, जिसका निशान स्थायी होता है। खासकर युवतियों के लिए यह कॉस्मेटिक रूप से असहज और मानसिक रूप से प्रभावित करने वाला हो सकता है। ऐसे में यह नई तकनीक मरीजों के लिए बेहतर विकल्प साबित हो रही है।



मरीज के साथ चिकित्सक व स्टाफ ।

## सिटी ब्रीफ

### प्लॉट दिलाने के नाम पर ठगे 10.17 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्लॉट दिलाने के नाम पर एक निजी कंपनी कर्मी से 10.17 लाख रुपये ठग लिए गए। डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद के आदेश पर पीजीआई थाने में सात नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मदेयगंज के त्रिवेणीनगर निवासी राजकुमार गोस्वामी ने बताया कि वर्ष 2018 में उनकी मुलाकात राजीव कुशवाहा से हुई थी। उसने खुद को वृंदावन योजना स्थित कलश होम्स इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड का निदेशक बताया और कल्ला पूरब क्षेत्र में जिला पंचायत से स्वीकृत प्लॉट दिलाने का झांसा दिया। दोनों के बीच 12.50 लाख रुपये में सौदा तय हुआ, जिसमें से पीड़ित ने 10,17,500 रुपये दे दिए। शेष राशि रजिस्ट्री के समय देने की बात हुई थी। रुपये लेने के बाद आरोपियों ने न तो प्लॉट की रजिस्ट्री कराई और न ही कोई दस्तावेज दिया। जांच में पता चला कि जिस जमीन पर प्लॉट देने का दावा किया गया था, वह आरोपियों की थी ही नहीं। पुलिस ने राजीव कुशवाहा, उमेश कुमार सिंह, अजय सिंह, चांद बाबू, राजकुमार बारी, समुद्री देवी, गुलाम सिद्दीकी व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो के खाते से उड़ाये 11.68 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऑनलाइन टास्क और केवाईसी अपडेट का झांसा देकर साइबर ठगों ने डॉक्टर की पत्नी समेत दो लोगों से कुल 11.68 लाख रुपये ठग लिए। पहले मामले में मूल रूप से कानपुरनगर निवासी अंजली यादव, जो आलमबाग के मवईया में रहती हैं, ने बताया कि 12 मार्च को उनके भाई के व्हाट्सएप पर एक लिंक आया। लिंक खोलने पर घर बैठे ऑनलाइन टास्क के जरिए कमाई का झांसा दिया गया। इसके बाद उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया और टास्क के नाम पर 16 बार में 7,54,434 रुपये जमा करा लिए गए। बाद में मुनाफा न मिलने पर ठगी का पता चला। दूसरे मामले में पीजीआई के एल्डिको सौभाग्यम निवासी डॉ. आरके बांदिल की पत्नी ममता बांदिल ने बताया कि 22 अप्रैल को एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को बैंककर्मी बताकर केवाईसी अपडेट कराने का झांसा दिया और खाते की जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद उनके खाते से 4,13,500 रुपये निकाल लिए गए। रुपये कटने के मैसेज आने पर ठगी का पता चला। इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना बृजेश यादव और पीजीआई थाना पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नौकरी का झांसा देकर तीन लाख ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने एक व्यक्ति से तीन लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने पारा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। बुद्धेश्वर स्थित आदर्श विहार कॉलोनी निवासी सर्वेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2024 में जीतेंद्र कुमार यादव उर्फ जीतू निवासी पारा और ओम सहाय से हुई। बातचीत के दौरान आरोपियों ने उनकी पत्नी को स्वास्थ्य विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आश्वासन दिया कि तीन लाख रुपये खर्च करने पर नौकरी मिल जाएगी। पीड़ित ने जीतेंद्र द्वारा दिए गए खाते में जुलाई 2024 में रुपये भेज दिए। कुछ समय बाद पीड़ित ने नौकरी के लिए बात की तो आरोपियों ने टालमटोल की। रुपये वापस मांगने पर आनाकानी की। पीड़ित सर्वेश कुमार ने पारा थाने में जीतेंद्र कुमार यादव व ओम सहाय के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### व्यवसायी की संदिग्ध हालात में मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** दरोगा समेत तीन दोस्तों के साथ नोएडा से लखनऊ घूमने आए एक मेडिकल स्टोर व्यवसायी की गुरुवार देर रात संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वह विभूतिखंड के विनम्रखंड स्थित होटल विजयश्री में ठहरे थे, जहां उनके कमरे में शव मिला। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह ने बताया कि मृतक सुधीर कसाना, नोएडा के निवासी थे। वह अपने दरोगा मित्र अरुण कुमार और साथियों विक्की व दीपक के साथ लखनऊ आए थे। सभी ने होटल में दो कमरे बुक कराए थे। देर शाम घूमने जाने के दौरान सुधीर ने तबीयत खराब होने की बात कहकर होटल में ही रुकने का निर्णय लिया, जबकि बाकी तीनों बाहर चले गए। रात में जब उनके साथी लौटे तो सुधीर कमरे में अचेत अवस्था में पड़े मिले और उनके मुंह से झाग निकल रहा था। सूचना पर पुलिस पहुंची और उन्हें लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# फेसबुक पर दोस्ती, होटल में बंधक बनाकर महिला से सामूहिक दुष्कर्म

## होटल के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज कब्जे में लेकर पुलिस कर रही जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **महिला ने दो महिलाओं समेत सात नामजद व 6 अज्ञात पर दर्ज कराई एफआईआर**



**अमृत विचार:** प्रयागराज की महिला की निजी कंपनी के कर्मचारी भूपेंद्र सिंह तोमर उर्फ आदित्य उर्फ मोनू से फेसबुक पर दोस्ती हुई। निजी कंपनी के कर्मचारी के बुलावे पर वह विभूतिखंड स्थित एक होटल में पहुंची। जहां उसे कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया गया। उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। विरोध करने पर उसकी पिटाई की गई। आरोपियों ने अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी। परेशान महिला ने भूपेंद्र सिंह तोमर, उसकी पत्नी समेत सात लोगों के खिलाफ नामजद व 6 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़िता के मुताबिक आरोपी भूपेंद्र सिंह मूलतःमध्यप्रदेश के ग्वालियर का रहने वाला है। वह निजी कंपनी कर्मी है। फेसबुक से उनकी दोस्ती हुई थी। भूपेंद्र ने बहाने से विभूतिखंड स्थित एक होटल में बुलाया। वहां उसने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया और दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो भी बना लिया। होश आने पर विरोध किया तो उक्त लोगों ने बंधक बनाकर पीटा। इसके बाद कुछ अन्य लोग आ गए उन्होंने भी दुष्कर्म किया। किसी तरह वहां से भाग निकली। पीड़िता ने भूपेंद्र सिंह तोमर उर्फ आदित्य उर्फ मोनू, अभिषेक श्रीवास्तव उर्फ सम्राट, काजल यादव, मोहम्मद आलम, नूर आलम, अभिषेक प्रताप सिंह और अनुराधा सिंह को नामजद आरोपी बनाया। साथ ही घटना में 5-6 अन्य व्यक्तियों के शामिल होने की बात कही। आरोपियों के खिलाफ विभूतिखंड थाने में तहरीर दी। यह जानकारी आरोपियों को हुई तो वह धमकी देने लगे। मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया। इंस्पेक्टर अमर सिंह के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। होटल के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। उसकी जांच कर रही है।

### पत्नी ने पांच दिन पूर्व रंगेहाथ पकड़ा

एसीपी विभूतिखंड विनय कुमार द्विवेदी के अनुसार दोनों कई बार होटल आ चुके हैं। 19 अप्रैल को महिला और भूपेंद्र दोनों होटल आए थे। सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि दोनों बतौर प्रेमी-प्रेमिका होटल में पहुंचे। दोनों में किसी ने कोई विरोध नहीं किया। गैलरी में एक दूसरे का हाथ पकड़े जाते हुए दिखे। इसकी जानकारी भूपेंद्र की पत्नी को हुई तो वह भी पहुंच गई थी। भूपेंद्र की पत्नी से महिला और उसके पति का विवाद भी हुआ था। उसने महिला को पति से दूर रहने की हिदायत भी दी थी। एसीपी के मुताबिक पीड़िता का उसके पति से विवाद चल रहा है। पीड़िता मूलतः बलिया के आसरेपुर इलाके की रहने वाली है। प्रयागराज में उसकी ससुराल है। तफ्तीश में पता चला है कि वह पहले भी कई एफआईआर लोगों पर दर्ज करा चुकी है। सभी तथ्यों की छानबीन की जा रही है।

# छात्रा का घर से निकलना किया दूभर कॉल और मैसेज से किया परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **परेशान पीड़िता ने पारा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** पारा थाना क्षेत्र में एक निजी स्कूल की छात्रा का घर से निकलना एक युवक ने दूभर कर दिया। आरोपी लगातार उसका पीछा करता और बात करने का दबाव बनाता था। इंकार करने पर वह कॉल और मैसेज कर उसे परेशान करता था। परेशान होकर पीड़िता ने पारा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

राजाजीपुरम निवासी छात्रा ने बताया कि हंसखेड़ा चौकी क्षेत्र का रहने वाला प्रिंशु यादव स्कूल से घर लौटते समय उसका पीछा करता है और रुककर बात करने का दबाव बनाता है। इंकार करने पर उसने घर तक पहुंचने की धमकी दी। आरोपी लगातार मैसेज भेजता और कॉल कर परेशान करता रहा, जिससे छात्रा मानसिक रूप से परेशान हो गई।

लगातार उत्पीड़न से परेशान होकर छात्रा 23 अप्रैल को पारा थाने पहुंची और शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रिंशु यादव के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### घर में घुसकर छेड़छाड़

- गोमतीनगर निवासी 33 वर्षीय महिला ने बताया कि पड़ोसी सुजीत उर्फ पोली गलत नजर रखता था। 22 अप्रैल की शाम गाली-गलौज के बाद रात में घर में घुसकर अश्लील हरकत की। विरोध करने पर धमकाकर फरार हो गया। शिकायत पर गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई।

### सरेराह छेड़छाड़

- अलीगंज में किराए पर रहने वाली 26 वर्षीय युवती ने बताया कि पुराने दोस्त शिवम कुमार से विवाद के बाद भी वह दबाव बना रहा था। 22 अप्रैल को इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर रास्ता रोककर छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर आरोपी भाग निकला, मड़ियांव में रिपोर्ट दर्ज हुई।

### ई-रिक्शा कारोबार के नाम पर ठगे 18.50 लाख

**अमृत विचार, लखनऊः** ई-रिक्शा कारोबार के नाम पर जालसाज ने 18.50 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की तहरीर पर सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से सिद्धार्थनगर निवासी पारसनाथ ने अलीगंज सेक्टर क्यू निवासी सुशील कुमार उर्फ सुशील कुमार राजवंशी पर ठगी का आरोप लगाया है। पारसनाथ के मुताबिक उन्होंने पारस एजेंसीके नाम से ई-रिक्शा खरीद-फरोख्त का कारोबार शुरू किया था। इसी सिलसिले में उनकी मुलाकात कानपुर रोड स्थित मेट्रो हाईट में 247 हाई मैक्स मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सुशील कुमार से हुई। आरोप है कि सुशील कुमार ने 12 ई-रिक्शा देने का वादा कर बैंक के जरिए 18.50 लाख रुपये ले लिए। इसके बदले केवल 8 ई-रिक्शा भेजे गए, वह भी बिना बैटरी के। आपत्ति जताने पर आरोपी ने सभी वाहन वापस मंगाकर पूरी रकम लौटाने का आश्वासन दिया और 18.50 लाख रुपये का चेक दिया। पीड़ित के अनुसार जनवरी में चेक बैंक में लगाने पर बाउंस हो गया।

# कोर्ट को गुमराह कर बेच दी हत्या में प्रयुक्त लाइसेंसी बंदूक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **2011 में हुई थी हत्या, सशर्त सुपुर्दगी में मिली थी बंदूक**
- **सजा से पहले ही बेच दी, बेटे के नाम लाइसेंस भी कराया**





**अमृत विचार:** आईआईएम रोड पर वर्ष 2011 में हुई हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आरोपी और उसके बेटे के खिलाफ सैरपुर थाने में धोखाधड़ी व जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोप है कि आरोपी ने कोर्ट को गुमराह कर हत्या में प्रयुक्त लाइसेंसी बंदूक को अवैध रूप से बेच दिया और बेटे के नाम लाइसेंस भी बनवा लिया।

सैरपुर के मुबारकपुर निवासी लक्ष्मी शंकर उर्फ पप्पू के अनुसार 23 नवंबर 2011 को मड़ियांव के तरहिया ग्राम साधूपुर निवासी बलराम यादव ने उनके चाचा की लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में बलराम यादव समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था और जांच के बाद पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। लंबी सुनवाई के बाद 9 मई 2025 को अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

शिकायत के मुताबिक 1 अक्टूबर 2012 को कोर्ट ने शर्तों के साथ हत्या में प्रयुक्त 12 बोर बंदूक आरोपी बलराम यादव को सुपुर्द की थी। आदेश में स्पष्ट था कि हथियार को न बेचा जाएगा, न नष्ट किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर अदालत में प्रस्तुत किया जाएगा।

आरोप है कि बलराम यादव ने 13 जुलाई 2018 को बंदूक को अवैध रूप से बेच दिया। इसके बाद 13 अक्टूबर 2020 को बेटे राम किशोर के नाम लाइसेंस स्थानांतरित कराया गया और 5 नवंबर 2020 को नए लाइसेंस के लिए गलत जानकारी दी गई।

मृतक के परिजन की शिकायत पर पुलिस आयुक्त के निर्देश पर सैरपुर पुलिस ने बलराम यादव और उसके बेटे राम किशोर के खिलाफ जालसाजी व धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# देश विरोधी गतिविधियों में दो और गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



पुलिस की गिरफ्त में देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोपी। अमृत विचार

- **सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ भड़काऊ पोस्ट व साजिश रचने का आरोप**

**अमृत विचार:** बिजनौर के नांगल थाना पुलिस ने देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त दो और आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। दोनों पर सोशल मीडिया के माध्यम से हथियारों का प्रदर्शन करने, भड़काऊ वीडियो पोस्ट करने और आपराधिक साजिश रचने का आरोप है। पुलिस ने दोनों से पूछताछ की है। इस मामले में अब तक पुलिस और एटीएस द्वारा आठ से अधिक आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है।

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में बिजनौर के किरतपुर साहबपुरा रतन निवासी जुल्फिकार उर्फ राका और नजीबाबाद खाईखेड़ी निवासी आरिफ मलिक शामिल हैं। जांच में सामने आया कि कुछ समय पहले इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें आकिब नामक युवक हथियारों का प्रदर्शन करते हुए अन्य लोगों के साथ लाइव दिख रहा था। यह वीडियो मैजुल नामक व्यक्ति की प्रोफाइल से पोस्ट किया गया था।

मामला सामने आने के बाद नांगल थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई, जिसमें आकिब, मैजुल और एक अज्ञात व्यक्ति को आरोपी बनाया गया। जांच के दौरान चार और नाम सामने आए, जिनमें नांगल सौफतपुर का मैजुल, मेरठ मवाना सहला का आकिब, मंडावर मुकीमपुर जमात उर्फ इनामपुर का आजाद और चांदपुर शाह चंदन का उवैद मलिक शामिल हैं। पुलिस पहले ही उवैद मलिक, मैजुल, जलाल हैदन और समीर उर्फ रुहान को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं, एटीएस ने लखनऊ के चारबाग स्टेशन से साकिब उर्फ डेविल, अरबाब, विकास और लोकेश को गिरफ्तार किया था। आकिब और आजाद के खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया गया है, जो फिलहाल सऊदी अरब में बताए जा रहे हैं।

जांच में यह भी सामने आया है कि आरिफ मलिक ने युवकों का एक ग्रुप बना रखा था। पूछताछ में आरिफ ने बताया कि आकिब ने पहले उसके घर पर फायरिंग करवाई थी ताकि वह ग्रुप से जुड़ सके। इसके बाद वह सोशल मीडिया के माध्यम से आकिब से जुड़ गया। वहीं जुल्फिकार ने बताया कि वह पिछले दो साल से तमिलनाडु में नाई का काम कर रहा है और सोशल मीडिया के जरिए आकिब से संपर्क में आया।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने स्वीकार किया है कि आकिब सोशल मीडिया पर भड़काऊ वीडियो पोस्ट करता था और धार्मिक कट्टरता फैलाने का प्रयास करता था। इसके अलावा, वे कीमती सामानों को नुकसान पहुंचाने और रेलवे ट्रैक को क्षति पहुंचाने जैसी गतिविधियों की योजना बनाने की बात भी जांच में सामने आई है।

# पेपर लीक का झांसा देकर ठगी की कोशिश, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **उत्तर प्रदेश होमगाड्र्स एनरोलमेंट-2025 लिखित परीक्षा**
- **टेलीग्राम चैनल पर वायरल किया जा रहा था मैसेज**

**अमृत विचार :** यूपी होमगाड्र्स एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा से पहले पेपर लीक का झांसा देकर अभ्यर्थियों से ठगी की कोशिश की जा रही है। इस मामले से जुड़ा एक मैसेज टेलीग्राम चैनल पर लगातार वायरल किया जा रहा था। परीक्षा को लेकर पेपर लीक की गलत सूचना सोशल मीडिया व टेलीग्राम पर फैलाने के मामले में हुसैनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल को सौंपी गई है।

उप पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के इंस्पेक्टर राजेश कुमार उपाध्याय की तरफ से दी गई तहरीर के मुताबिक, 25, 26 और 27 अप्रैल को उत्तर प्रदेश में होमगाड्र्स एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाना है। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए पुलिस सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी बनाए हुए है। पुलिस के अनुसार, 23 अप्रैल को टेलीग्राम पर "एग्जाम पेपर वल्लाह" नाम से चल रहे चैनल और "@८/ पेपर_माफिया" हैंडल की ओर से यूपी होमगार्ड पेपर उपलब्ध होने का मैसेज वायरल किया गया, जो पूरी तरह से गलत और भ्रामक है।

पुलिस के मुताबिक, कंप्यूटर नेटवर्क का दुरुपयोग करते हुए परीक्षार्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाने और धोखाधड़ी करने की कोशिश की जा रही थी। रुपये लेने के लिए एक 'क्यूआर कोड' भी अपलोड किया गया था। इस मैसेज के कारण अभ्यर्थियों के बीच भ्रम और अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई।

पुलिस ने बताया कि यह कृत्य सरकारी कार्य में बाधा डालने और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के दुरुपयोग की श्रेणी में आता है। इस मामले में उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। भर्ती बोर्ड के अधिकारियों ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे किसी भी भ्रामक सूचना पर भरोसा न करें और केवल आधिकारिक स्रोतों से जारी जानकारी पर ही विश्वास करें।

# फर्जी फर्म बनाकर ढाई करोड़ का लोन, बैंक मैनेजर की करतूत उजागर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **18.53 किलो सोना गबन केस में खुलासा, सीसीटीवी में सोना ले जाते दिखा आरोपी**

**अमृत विचारः** चौक थाने में 18.53 किलो सोना गबन मामले में गिरफ्तार मणप्पुरम बैंक मैनेजर कमल सिंह की नई करतूत सामने आई है। दोबारा जांच में खुलासा हुआ कि उसने संपत्ति कुर्की से बचने के लिए फर्जी फर्म बनाकर करीब ढाई करोड़ रुपये का लोन लिया था। पुलिस अब मामले में नई चार्जशीट तैयार कर रही है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी कमल सिंह मूल रूप से बालागंज के जनरेलगंज का रहने वाला है। जांच के दौरान पहले वह सोना गायब होने की बात से इंकार करता रहा, लेकिन सीसीटीवी फुटेज दिखाने पर उसने सोना हड़पने की बात कबूल कर ली। फुटेज में वह सोना ले जाते हुए दिखाई दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने सोना बेचकर मिली रकम से संपत्तियां खरीदीं और शेयर ट्रेडिंग व जेवर कारोबार में निवेश किया।

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने बालागंज स्थित मकान पर 'बाय डिजाइन' और 'मां वैष्णो' नाम से दो फर्जी फर्मों का पंजीकरण कराया। इन फर्मों के जरिए अलग-अलग बैंकों से करीब ढाई करोड़ रुपये का लोन लिया गया। इसके अलावा गोमतीनगर के विजयंतखंड स्थित मकान पर भी लगभग दो करोड़ रुपये का लोन लिया गया था। पुलिस के अनुसार बैंक में बंधक संपत्ति को कुर्क करना संभव नहीं होता, जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने यह फर्जीवाड़ा किया। पहले दाखिल चार्जशीट में सोना बरामद नहीं हो सका था, जिसके बाद बैंक की याचिका पर हाईकोर्ट ने दोबारा जांच के आदेश दिए।

पुनः जांच में फर्जी बिलों के जरिए भुगतान पास कराने की धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। पुलिस अब आरोपी के साथ जुड़े अन्य लोगों और कारोबारियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

# केस वापस न लेने पर पिता-पुत्रों पर जानलेवा हमला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **चापड़ के हमले से एक युवक का सिर फटा, बचाने आए युवक को भी मारा**
- **चौक कोतवाली में पीड़ित पिता ने सात पर दर्ज करायी रिपोर्ट वीडियो वायरल**



**अमृत विचारः** चौक स्थित आगा बाकर इमामबाड़े के पास छेड़छाड़ का केस वापस न लेने पर दबंग सब्जी विक्रेता और उसके साथियों ने फल विक्रेता और उसके दो बेटों पर गुरुवार देर रात जानलेवा हमला कर दिया। हमले में एक युवक के सिर पर चापड़ लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बीच-बचाव करने आए एक अन्य युवक को भी पीटा गया। हमलावरों ने पथराव कर मौके से फरार हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया और रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सूचना पर पहुंची चौक पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया, जहां एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसे आईसीयू में भर्ती किया गया है। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि दोनों पक्ष इलाके में सब्जी और फल की दुकानें लगाते हैं और उनके बीच पुराना विवाद चला आ रहा है।

पीड़ित फल विक्रेता के अनुसार, 5 मई 2017 को उनकी बेटी ने सब्जी विक्रेता फुरकान, उसके भाई कल्लू और पिता इरफान के खिलाफ छेड़छाड़ व गाली-गलौज का मामला दर्ज कराया था। आरोप है कि तभी से आरोपी पक्ष केस वापस लेने का दबाव बना रहा था और लगातार धमकी दे रहा था।

पीड़ित ने बताया कि गुरुवार रात करीब 11 बजे वह अपने दोनों बेटों के साथ इमामबाड़े के पास मौजूद थे, तभी फुरकान, कल्लू बेरी, अर्सलान, इमरान, फैजान, अमीर और इरफान वहां पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने रॉड, चापड़ और अन्य हथियारों से हमला कर दिया।

बीच-बचाव करने पहुंचे एक परिचित को भी आरोपियों ने पीट दिया और इसके बाद पथराव करते हुए फरार हो गए। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ट्रामा सेंटर पहुंचाया।

इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर फुरकान, कल्लू बेरी, अर्सलान, इमरान, फैजान, अमीर और इरफान के खिलाफ जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

**सक्रियता**

**21 मार्च को नाका पुलिस ने पानदरीबा से पकड़ा**

# बिना पासपोर्ट-वीजा के रहने वाली उज्बेकिस्तानी महिला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **पुलिस, एलआईयू व एफआरआरओ की पूछताछ में बताया काल्पनिक नाम**
- **फिंगर प्रिंट, रेटिना का परीक्षण व युवती की फोटो भेजी गई उज्बेकिस्तान दूतावास**
- **पता चला दूसरा नाम, नहीं मिले कोई दस्तावेज, नाका कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज**



**अमृत विचार :** चारबाग क्षेत्र में करीब एक महीने पहले नाका पुलिस ने एक संदिग्ध उज्बेकिस्तानी युवती को पकड़ा था। जांच में युवती के पास न तो पासपोर्ट मिला और न ही वीजा। पुलिस, एलआईयू और एफआरआरओ की पूछताछ में भी वह लगातार अपना काल्पनिक नाम बताती रही। संदेह गहराने पर एफआरआरओ की मदद से युवती की फोटो, फिंगरप्रिंट और रेटिना स्कैन उज्बेकिस्तान दूतावास को भेजे गए, जिसके बाद उसकी असली पहचान सामने आई। इसके बाद उपनिरीक्षक नीरज कुमार सिंह की तहरीर पर नाका कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

इंस्पेक्टर नाका अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि 21 मार्च को उपनिरीक्षक नीरज कुमार सिंह टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान अवध ट्रेवेल्स, पानदरीबा के सामने एक करीब 32 वर्षीय युवती संदिग्ध अवस्था में खड़ी दिखी। महिला सिपाही की मदद से उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम मुबीना पुत्री अब्दुर कादिर बताया और खुद को उज्बेकिस्तान के ताशकंद स्थित एंडिजन की निवासी बताया।

पुलिस ने जब उससे पासपोर्ट और वीजा मांगा तो वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा सकी। तलाशी में उसके पास मोबाइल या अन्य कोई पहचान संबंधी कागज भी नहीं मिले। परिवार और भारत आने के संबंध में भी उसने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। इसके बाद नाका पुलिस ने एलआईयू और एफआरआरओ को सूचना देकर युवती को उनके समक्ष पेश किया, लेकिन वहां भी वह अपना वही नाम बताती रही और सहयोग नहीं किया।

इसके बाद युवती की पहचान के लिए उसकी फोटो, फिंगरप्रिंट और रेटिना स्कैन कराकर उज्बेकिस्तान दूतावास से संपर्क किया गया। शुरुआती जांच में कोई रिकॉर्ड नहीं मिला, लेकिन बाद में दूतावास से मिली जानकारी में युवती की पहचान खोजायेवा जियोदा पुत्री मकशूदबेक, निवासी खिवा, जोरज्म (उज्बेकिस्तान) के रूप में हुई। उसकी जन्मतिथि 24 अप्रैल 2001 बताई गई।

इंस्पेक्टर के मुताबिक, पासपोर्ट और वीजा उपलब्ध न कराने पर उपनिरीक्षक नीरज कुमार सिंह ने नाका कोतवाली में विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 14 और पासपोर्ट अधिनियम 1967 की धारा 12 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# झांसा देकर बिल्डर ने व्यवसायी से ठगे 47 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** सराय माली खां और तंबाकू मंडी क्षेत्र में दुकान व फ्लैट बेचने का झांसा देकर एक बिल्डर ने व्यवसायी से 47 लाख रुपये हड़प लिए। रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित के आदेश पर ठाकुरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

मुसाहिबगंज निवासी कामरान खान के अनुसार उनकी पहचान घड़ियाली मस्जिद चौक निवासी बिल्डर मो. रेहान से थी। आरोपी ने सराय माली खां में दो दुकानें कम कीमत पर देने का झांसा दिया। पीड़ित ने 20 लाख रुपये किश्तों में दे दिए। इसके बाद तंबाकू मंडी में दुकान और फ्लैट दिलाने के नाम पर 40 लाख रुपये और ले लिए।

आरोप है कि आरोपी ने निर्माण कार्य के बहाने 14 लाख रुपये अतिरिक्त भी ले लिए। काम पूरा होने के बाद भी रजिस्ट्री नहीं की और टालमटोल करता रहा। दबाव बनाने पर 27 लाख रुपये लौटाए, लेकिन शेष रकम नहीं दी।

पीड़ित के मुताबिक बाकी रुपये मांगने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सिटी ब्रीफ

### 428 और हज यात्री सऊदी अरब रवाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** हज के लिए लखनऊ से तीसरे विमान से शुक्रवार को 428 यात्री सऊदी अरब रवाना हुए। इनमें 223 पुरुष और 205 महिलाएं शामिल हैं। इसमें 65 यात्री लखनऊ, 55 बरेली, 44 कानपुर नगर और 41 बाराबंकी के हैं। चार यात्री बिहार, दो दिल्ली और दो मध्य प्रदेश के भी लखनऊ से विमान में उड़े। उनके साथ तीन स्टेट हज इंस्पेक्टर मो. सद्दाम हुसैन (गोण्डा), मुजाहिद अली (शाहजहांपुर) और शाहिद नूर अंसारी (बलरामपुर) से भेजे गए हैं। उत्तर प्रदेश के दिल्ली उड़ान स्थल से शुक्रवार को सऊदी एयरलाइंस की तीन उड़ानों से 703 हज यात्री मदीना रवाना हुए हैं। जिसमें 377 पुरुष व 326 महिलाएं शामिल हैं। सबसे अधिक यात्री मुरादाबाद, मेरठ व रामपुर के गए हैं। उनके साथ चार स्टेट हज इंस्पेक्टर मो. आरिफ व इसरार (बिजनौर), मोहम्मद मोहसिन खान (बरेली), मोहम्मद मोहसिन (झांसी) जिले से भेजे गए हैं।

### शास्त्रीनगर से निकली कलश शोभायात्रा


शोभायात्रा में शामिल महिलाएं।

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्री दुर्गा जी मंदिर शास्त्रीनगर से 51 सुहागिन महिलाओं ने सिर पर सुसज्जित कलश धारण कर भव्य शोभायात्रा निकाली। यात्रा में मंदिर के कार्यकर्ता व भक्तगण भक्ति-कीर्तन करते हुए शामिल रहे। मार्ग में स्थान-स्थान पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धा प्रकट की। मीडिया प्रभारी राजेंद्र गोयल ने बताया कि शोभायात्रा ऐशबाग रामलीला ग्राउंड पर पहुंचकर पूर्ण हुई। रविवार को इसी स्थल पर 25 जोड़ों का मंगल विवाह कराया जाएगा।

### रामनगर कॉलोनी के घरों में घुसा गंदा पानी


गली में भरा नाली का पानी।

**अमृत विचार, लखनऊ :** एलडीए रामनगर कालोनी में स्थानीय ठेकेदार की मनमानी से लोगों के घरों में सीवर का गंदा पानी नाली के रास्ते घरों में प्रवेश कर रहा है। हाल यह है कि लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल है। गर्मी के मौसम में बदबूदार पानी में मच्छरों के लार्वा पनप रहे हैं। एक ओर जहां सरकारी महकमे संचारी रोग से बचाव के लिए अभियान चला रहे हैं, वहीं कालोनी के घरों में घुसा गंदा पानी लोगों के लिए समस्या बन गया है। इसी वार्ड के कुंडरी रकाबगंज में नालियों में सिल्ट जमा है, लेकिन जिम्मेदार नालियों की डीसिल्टिंग कराने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। खजुहा चौकी, संतोषी माता मंदिर के सामने के इलाकों की नालियों से गंदे पानी की निकासी सिल्ट के कारण बाधित है। इससे इलाके में मच्छर अधिक हैं।

# रिश्तों में अधिकार पाने को ले सकती हैं जासूसों की मदद

## फिक्की फ्लो लखनऊ की ओर से आयोजित डिटेक्टिव डायरीज़ कार्यक्रम में प्रसिद्ध जासूस तान्या पुरी ने महिलाओं को दिया सुझाव



सीमू घई के सवालों के जवाब देतीं जासूस तान्या पुरी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** फिक्की फ्लो लखनऊ ने शुक्रवार को होटल क्लार्क अवध में डिटेक्टिव डायरीज़ जासूसी के पीछे का कानून का आयोजन किया। इसमें जानी मानी महिला जासूस तान्या पुरी ने जासूसी के दिलचस्प किस्से सुनाए। उन्होंने अपनी ज़िंदगी के कुछ ऐसे किस्से साझा किए जो बॉलीवुड फिल्म की कहानी जैसे लगे। उन्होंने बताया कि, महिलाएं रिश्तों में अपने अधिकार पाने के लिए जासूसी एजेंसियों की मदद कैसे ले सकती हैं। देश की सबसे कम उम्र की महिला जासूस तान्या पुरी लेडी डिटेक्टिव्स इंडिया की सीईओ हैं। शादी से पहले और बाद की जांच में माहिर तान्या पुरुषों के वर्चस्व वाले पेशे में गिनी चुनी महिला जासूसों में एक हैं।

फ्लो लखनऊ की चेयरपर्सन सिमरन साहनी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता फ्लो की कानूनी सलाहकार समिति की स्मिता माथुर और दीपिका अग्रवाल ने की। इसमें जासूसी के कुछ फिल्मी मामलों, महिलाओं के अधिकारों और भारत में जासूसी की कानूनी वैधता पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की मॉडरेटर सीमू घई ने तान्या से कई तीखे सवाल पूछे। उन्हीं के जवाब में उन्होंने अपनी असल ज़िंदगी के किस्से साझा किए। जासूसी की कानूनी वैधता पर भी चर्चा हुई। इसमें ये विषय उठा कि क्या चीज़ें कानून की स्वीकार्य सीमाओं के भीतर आती हैं और क्या कानूनी सीमाओं का उल्लंघन करती हैं। साथ ही डिजिटल संचार के इस दौर में निजता से जुड़ी चिंताओं को भी उजागर किया गया। कार्यक्रम में पूर्व चेयरपर्सन अंजू नारायण, विभा अग्रवाल सहित फ्लो लखनऊ के 100 से ज़्यादा सदस्यों ने हिस्सा लिया। जिनमें कार्यकारी समिति की सदस्य देवांशी सेठ, निवेदिता सिंह, प्रज्ञा अग्रवाल, मिताली ओसवाल और वसुधा जैन शामिल थीं।

### समर्थ गुप्ता बने सीनियर डीसीएम

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे ने लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम पद की जिम्मेदारी अब समर्थ गुप्ता को सौंपी है। अभी तक वह मंडल में सीनियर डीएसओ थे। कुलदीप तिवारी का कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्हें डिप्टी सीसीएम के पद पर भेज गया है। चारबाग स्टेशन पर डायरेक्टर प्रशांत कुमार को डीआरएम कार्यालय में सीनियर डीसीएम (फ्रेट) की जिम्मेदारी दी गई है। गौरव दीक्षित को चारबाग स्टेशन का निदेशक नियुक्त किया गया है। सीनियर डीएसओ अरुण कुमार दोहरे बनाए गए हैं।

# अल्लामा मोहसिन की याद कर्ज और फर्ज है

## जलसे में मौलाना फिरंगी महली ने कहा, एक आदर्श नात गो थे अल्लामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया में जलसा में लोगों को संबोधित करते मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली।

**अमृत विचार:** अल्लामा मोहसिन अलवी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट काकोरी की ओर से इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया में शुक्रवार को जलसा आयोजित किया गया। दारुल उलूम निजामिया फिरंगी महल के मोहतमिम मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी ने मोहसिन काकोरवी और उनका कलाम-एक अध्ययन के विषय पर शोध पत्र पढ़ा।

अध्यक्षता कर रहे मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि पैगम्बर की प्रशंसा करने वाले अल्लामा मोहसिन काकोरवी जैसी भाग्यशाली हस्ती की याद हम सब पर कर्ज भी है और हमारा फर्ज भी। वे एक आदर्श नात गो थे। उनका उपनाम हस्सान-उल-हिंद था। उन्होंने अपना पूरा जीवन अंतिम पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की नात और प्रशंसा में समर्पित कर दिया। मौलाना ने कहा कि उर्दू नातिया शायरी में मोहसिन काकोरवी का स्थान बहुत ऊंचा है। उन्होंने नात गोई की परंपरा को मजबूती दी और इसे एक स्वतंत्र कला के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका काव्य संग्रह आने वाले रचनाकारों के लिए मार्गदर्शक है।

उन्होंने मोहसिन के वंशज मुनीब अलवी से आग्रह किया कि वे अल्लामा के काव्य संग्रह को नए सिरे से प्रकाशित करने का प्रबंध करें ताकि वर्तमान युग में इसकी उपयोगिता बनी रहे। मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीकी ने मोहसिन अलवी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 1827 में काकोरी के सादात अलवी घराने में हुआ। प्रारंभिक शिक्षा अपने पिता मौलाना मोहम्मद हसन बख्श और दादा से प्राप्त की। अमीर मीनाई और मौलाना हादी अली अश्क से काव्य के गुर सीखे। कानून की पढ़ाई पूरी करने के बाद आगरा और मैनपुरी में वकालत की। मोहसिन काकोरवी ने शायरी की शुरुआत सिर्फ 9 साल की उम्र में की थी। 16 साल की उम्र में गुलदस्ता-ए-कलाम-ए-रहमत नाम से उन्होंने प्रसिद्ध कसीदा लिखा। उनके अन्य प्रमुख कार्यों में अबीयात-ए-नात, सुबह-ए-तजल्ली, चिराग-ए-काबा और कुलियात-ए-नात शामिल हैं। उनका सबसे प्रसिद्ध कसीदा मदीह-ए-खैर-उल-मुरसलीन है।

### ट्रंप का भारत को नरक बताना कूटनीतिक मर्यादाओं का उल्लंघन : डॉ. मोईन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. मोईन खान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड के भारत को नरक बताने और भारतीय नागरिकों को अपमानजनक ढंग से लैपटॉप वाला गैंगस्टर कहने की निंदा की है। उन्होंने कहा कि ट्रंप का यह बयान न केवल कूटनीतिक मर्यादाओं का उल्लंघन है, बल्कि यह एक महान सभ्यता और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के विरुद्ध सीधा हमला है। डॉ. मोईन ने तल्ख लहजे में कहा कि जिस भारत ने अपनी ज्ञान-परंपरा और संस्कृति से पूरी दुनिया को मानवता का पाठ पढ़ाया, उसे नरक कहना ट्रंप की अपनी बीमार मानसिकता और बौद्धिक पतन का परिचायक है। डॉ. खान ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि भारतीयों के स्वाभिमान को ललकारने की कोशिश ट्रंप को भारी पड़ेगी, क्योंकि भारत की साख किसी विदेशी नेता की बदजुबानी को सहन नहीं करेगी। डॉ. खान ने भारत सरकार और वैश्विक समुदाय से इस ओछी बयानबाजी का पुरजोर विरोध करने की अपील करते हुए कहा कि ऐसी टिप्पणियां विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को सीधे तौर पर खतरे में डाल करती हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नस्लीय हिंसा को बढ़ावा देती हैं।

### शहर में 30 धार्मिक ऐतिहासिक स्थलों का कायाकल्प पूरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के पर्यटन विभाग ने वर्ष 2025-26 के दौरान शहर और आसपास के करीब 30 धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों के विकास व सौंदर्यीकरण कार्य पूरे कर लिए हैं।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ की ऐतिहासिक विरासत को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यूनेस्को की "क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी" के रूप में मिली पहचान ने शहर को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर और मजबूत किया है। परियोजनाओं के तहत गोमती तट के घाटों, मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों पर बुनियादी सुविधाएं, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और पर्यटक सुविधाओं को बेहतर किया गया है। प्रमुख रूप से गोपेश्वर मंदिर, बुद्धेश्वर मंदिर, मां चंद्रिका देवी परिसर, बड़ी काली जी मंदिर, छोहरिया माता मंदिर सहित कई स्थलों का व्यापक सौंदर्यीकरण किया गया है। रिसालदार पार्क स्थित बौद्ध विहार, लल्लू मल घाट, महाराजा बिजली पासी किला, आलमबाग कोठी, ऐशबाग रामलीला मैदान और विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के धार्मिक स्थलों का भी विकास किया गया है।


महानिदेशक के साथ बैठक में शामिल प्रतिनिधिमंडल।

# फार्मासिस्टों की मांगों पर बनी सहमति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक स्वास्थ्य भवन में हुई। इसमें लंबित मांगों पर चर्चा हुई। वेतन विसंगतियों के समाधान, पदनाम परिवर्तन, ओएसडी के चार पदों की स्वीकृति और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में फार्मासिस्ट के तीन नए पद सृजित करने पर सहमति बन गई।

जिला एवं महिला चिकित्सालयों के मेडिकल कॉलेज में परिवर्तित होने के बाद वहां के चीफ फार्मासिस्ट और फार्मासिस्ट पदों को पुनः चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग में समायोजित करने का प्रस्ताव भी शासन को भेजने का निर्णय हुआ। ये भी यह भी तय हुआ कि ड्रग वेयरहाउस से अस्पतालों तक दवाओं की आपूर्ति सरकारी व्यवस्था और एनएचएम के फंड के माध्यम से सुनिश्चित की जाएगी। पदोन्नति के जरिए चीफ फार्मासिस्ट और प्रभारी अधिकारी के समायोजन को स्थानांतरण सत्र में लागू करने का निर्णय लिया गया।

अधिकारियों ने निर्णयों से संबंधित आदेश जल्द जारी करने पर सहमति जताई। बैठक में महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण, निदेशक पैरामेडिकल डॉ. संजू अग्रवाल, एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार पांडे, संरक्षक आर.एन. द्विवेदी और प्रवक्ता एसएम त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।


संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में नव नियुक्त पदाधिकारी।

### प्रवीण मणि त्रिपाठी बने राष्ट्रीय सचिव

**अमृत विचार, लखनऊ :** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी पांडे ने संगठन का विस्तार करने के साथ पदाधिकारियों को पदोन्नत किया है। प्रवीण मणि त्रिपाठी को प्रदेश प्रभारी से राष्ट्रीय सचिव, निर्मल यादव को प्रदेश सलाहकार से राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री, मधु पाठक को महिला प्रकोष्ठ प्रदेश प्रवक्ता, रिचा मिश्रा को महिला प्रकोष्ठ प्रदेश विधि सलाहकार, मनु वैस को प्रदेश सचिव, डॉ. नविता श्रीवास्तव को महिला प्रकोष्ठ लखनऊ मंडल अध्यक्ष बनाया गया। इसके अतिरिक्त दिलीप मिश्रा को जिला अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ), योगेश शुक्ला को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विपिन सिंह को जिला महासचिव, हरिओम को जिला कोषाध्यक्ष, संजय गुप्ता को लखनऊ नगर सचिव नियुक्त किया गया। इंदिरा नगर पटरी दुकानदार अध्यक्ष इब्राहिम खान, मोहम्मद सेफ को उपाध्यक्ष, संजय कुमार को महासचिव, अनुपम अवस्थी को कोषाध्यक्ष तथा राकेश कुमार को संयुक्त मंत्री बनाया गया। डॉ. नविता श्रीवास्तव ने संगठन से जुड़े सभी व्यापारियों के लिए अपने संस्थान में उपलब्ध गारमेंट्स पर 60% तक की विशेष छूट देने की घोषणा की।

# डीएम को नौ प्रगणक मिले गैरहाजिर

- अनुपस्थित कर्मियों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी विशाख जी ने जनगणना-2027 को लेकर चल रहे प्रशिक्षण केंद्रों का शुक्रवार को निरीक्षण किया तो एक केंद्र पर नौ प्रगणक गैरहाजिर मिले। नाराजगी जताते हुए अनुपस्थित कार्मिकों को प्रशिक्षण में सम्मिलित करने के निर्देश दिए। ताकि किसी भी स्तर पर कार्य प्रभावित न हो।

जिलाधिकारी ने सबसे पहले जीडी गोयनका स्कूल में नगर निगम जोन-8 के प्रगणक/सुपरवाइजर का प्रशिक्षण देखा। कार्मिकों की उपस्थिति, व्यवस्थाएं और संसाधन परखे। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राकेश सिंह ने बताया कि केंद्र पर कुल छह बैच में प्रशिक्षण चल रहा है। सभी बैचों में 90 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो प्रगणक अनुपस्थित हैं, उनकी उपस्थिति दर्ज कराकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कराया जाए। दिल्ली पब्लिक स्कूल में नौ प्रगणक अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने सभी अनुपस्थित कार्मिकों को जल्द प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए। उधर, नगर आयुक्त गौरव कुमार ने जनगणना प्रशिक्षण का जायजा लिया। केंद्रों पर बड़ी संख्या में 565 प्रगणक एवं सुपरवाइजर गैरहाजिर मिले। इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।

## सिटी डायरी


महापौर को मांग पत्र देते संजय गुप्ता व अन्य।

### महापौर से की भूतनाथ मार्केट में पब्लिक टॉयलेट की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में शुक्रवार को स्थानीय व्यापारियों ने महापौर सुषमा खर्कवाल से मिलकर भूतनाथ मार्केट में पब्लिक टॉयलेट बनवाने की मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा। भूतनाथ आदर्श व्यापार मंडल के चेयरमैन कमल अग्रवाल ने महापौर को बताया कि भूतनाथ मार्केट में पब्लिक टॉयलेट ना होने के कारण व्यापारियों एवं ग्राहकों को भारी असुविधा होती है। विशेष रूप से महिला व्यापारियों, प्रतिष्ठानों पर काम करने वाली कर्मचारियों एवं बाजार में बड़ी संख्या में आने वाली महिला ग्राहकों के लिए मार्केट में टॉयलेट की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे महिलाओं को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। महापौर ने अतिशीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।



ब्राह्मण सम्मेलन में बोलते वक्ता रिटायर्ड न्यायमूर्ति सीबी पांडेय।

### ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर स्थित बोध संस्थान में शुक्रवार को विराट ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रमुख वक्ताओं और ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर विचार साझा किए। मुख्य वक्ताओं में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय, रिटायर्ड जस्टिस सीबी पाण्डेय, रिटायर्ड जस्टिस रंगनाथ पाण्डेय, ब्रजेश मिश्रा, राकेश पाण्डेय, पूर्व जिला जज पीके मिश्रा, मोनी महाराज, डॉ. शिवम त्रिपाठी, राम महेश मिश्रा और ककू पाण्डेय शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेजर आशिष चतुर्वेदी, अध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक संघ उत्तर प्रदेश ने की। ब्राह्मण संगठनों के पदाधिकारियों ने समाज के उत्थान से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।



विरोध प्रदर्शन करते पदाधिकारी।

### न्यूनतम मजदूरी के लिए प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सोशलिस्ट पार्टी (इण्डिया) और सोशलिस्ट मजदूर सभा ने शुक्रवार को शहीद स्मारक पर मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी और अधिकारों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्टी के प्रधान सचिव संदीप पाण्डेय ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों, खासकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में चल रहे मजदूर आंदोलनों में बुनियादी मुद्दे उठाए जा रहे हैं, जिनका समाधान बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी 20,000 से 26,000 रुपये मासिक किए जाने की मांग है, जबकि कई स्थानों पर मजदूरों को इसका आधा ही भुगतान हो रहा है।


बैठक में उपस्थित न्यूज पेपर वितरक।

### पेपर वितरकों ने होम डिलीवरी की मांग उठाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** वृंदावन न्यूज पेपर वितरक संगठन की मासिक चौपाल बैठक में अध्यक्ष राम स्वरूप ने लखनऊ के सभी क्षेत्रों में सुविधा रोड होम डिलीवरी लागू करने की मांग उठाई। कहा कि इससे वितरकों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी और पलायन रुकेगा। एरिया वाइज पेपर वितरण, रोजगार स्थिरता और समस्याओं पर चर्चा हुई। चौपाल में वृंदावन, अंसल सिटी, मोहनलालगंज, निगोहा, तेलीबाग और एल्डिको क्षेत्र के वितरक शामिल रहे।

## बढ़े कदम

उत्तर प्रदेश एनर्जी एक्सपो के प्री-इवेंट अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन हुआ

# भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते में रोजगार के अवसर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



प्री-इवेंट अवेयरनेस कार्यक्रम में प्रतिनिधि। अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा निवेश का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश एनर्जी एक्सपो- 2026 के प्री-इवेंट अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को लखनऊ स्थित होटल ताज में किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के यूपी स्टेट चैप्टर और फर्स्ट व्यू द्वारा उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण, उत्तर प्रदेश सरकार की एजेंसी इन्वेस्ट यूपी तथा सेवा के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम को सिगएनर्जी, आइकॉन सोलर, केईआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड, सालासार टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड, पॉलीकैब इंडिया, साएल इंडस्ट्रीज, रेडिको खेतान, एरेम, फिनटेक्स इंडिया, एसएलएनको एनर्जी एवं टू पावर का भी समर्थन रहा।

मुख्य विषय पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना रहा, जिसके अंतर्गत उद्योग जगत के प्रतिनिधियों एवं सरकारी अधिकारियों ने सौर ऊर्जा क्षेत्र में उभरते अवसरों, वर्तमान नीतिगत ढांचे एवं राज्य में इसकी बढ़ती संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मुख्य अतिथि औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) युवाओं के लिए कौशल विकास एवं रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करेगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से उद्योगों के लिए पारदर्शी एवं अनुकूल वातावरण प्रदान कर रही है। ब्रिटिश उप उच्चायुक्त बेन मेलर ने भारत-यूके संबंधों को मजबूत साझेदारी का उदाहरण बताते हुए कहा कि प्रस्तावित एफटीए से व्यापार में स्थिरता आएगी उन्होंने बताया कि यह समझौता 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 60 अरब डॉलर से बढ़ाकर 120 अरब डॉलर तक पहुंचा सकता है।

### नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक

यूपीनेडा के निदेशक रविंदर सिंह ने कहा कि सतत विकास के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना एवं पीएम-कुसुम योजना के माध्यम से घरों, किसानों एवं उद्योगों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि 15 अप्रैल तक लखनऊ में 85,000 से अधिक सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं और उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर है। यूपीनेडा के सचिव पंकज सिंह ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा को गति देने के लिए नवाचार, आसान वित्तपोषण एवं सभी हितधारकों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। पीएचडी चैम्बर ऑफ़ कामर्स के सीईओ डॉ. रंजीत मेहता ने उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए भारत-यूके सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

## सिटी ब्रीफ

### जनगणना डयूटी में लगे शिक्षकों को मिले अर्जित अवकाश

अमृत विचार, लखनऊ : प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन और प्राथमिक शिक्षा से जुड़े शिक्षकों ने सरकार से मांग की है कि जनगणना ड्यूटी में लगे शिक्षकों को अर्जित अवकाश दिया जाना चाहिए। देशभर में राष्ट्रीय जनगणना 2027 का कार्य चल रहा है जिसमें परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। लेकिन शिक्षकों की मांग है कि वैधानिक अवकाश के दिनों में जनगणना कार्य ग्रीष्मावकाश के दौरान संपादित किया जाना है। वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत नियमों के अंतर्गत यदि किसी 'वेकेशन विभाग' के कर्मचारी को उसके अवकाश के दिनों में राजकीय कार्य हेतु रोका जाता है या ड्यूटी पर लगाया जाता है, तो वह उस अवधि के बदले अर्जित अवकाश प्राप्त करने का हकदार होता है। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के विनय सिंह ने मुख्यमंत्री से अर्जित अवकाश को नियमानुसार सेवा पंजिका में जोड़ने की मांग की है। शिक्षक जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए सदैव तत्पर है, किंतु उनके विधिक अधिकारों का संरक्षण भी आवश्यक है।

### एकेटीयू के 11 छात्रों का हुआ चयन

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 11 छात्रों का प्लेसमेंट एडिको ग्रुप में हुआ है। विश्वविद्यालय के सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर कंपनी में दो माह के इंटर्नशिप प्रोग्राम के बाद बीटेक के 11 छात्रों का चयन जूनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर हुआ है। एडिको ग्रुप में चयनित इन छात्रों को आठ से दस लाख रूपये का पैकेज मिलेगा। इसके अतिरिक्त अन्य सुविधाएं भी मुहैया करायी जाएंगी। चयनित छात्रों को कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने शुभकामनाएं दी है। डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो. नीलम श्रीवास्तव के नेतृत्व में ड्राइव का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की ओर से लगातार छात्रों को ट्रेनिंग कराने के साथ ही कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है।

### आदित्य,मयंक और एकलव्य चैंपियन

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना स्थित उन्नाद टेनिस अकादमी के कोर्ट पर खेली गई मेन्स एक लाख इनामी राशि टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष एकल फाइनल में पंजाब के आदित्य तिनजैन ने खिताबी जीत हासिल की, वहीं युगल वर्ग में मयंक और एकलव्य की जोड़ी चैंपियन बनी। पुरुष एकल फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त पंजाब के आदित्य तिनजैन ने अपनी लय बरकरार रखते हुए खिताबी मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त दिल्ली के मयंक शर्मा को चौंका दिया। आदित्य ने शुरुआत से ही आक्रामकता बनाए रखते हुए मयंक को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से मात देकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। सिंगल्स की कसक मयंक शर्मा ने युगल वर्ग में पूरी की। दिल्ली के मयंक शर्मा और उत्तर प्रदेश के एकलव्य सिंह की जोड़ी ने फाइनल में शानदार तालमेल का परिचय दिया। इस जोड़ी ने महाराष्ट्र के पार्थ पाटिल और पंजाब के आदित्य तिनजैन की चुनौती को 6-3, 6-4 से हराकर युगल खिताब अपने नाम किया।

# एकेटीयू में चार नए विषय में विद्यार्थी कर सकेंगे शोध

## विश्वविद्यालय की विद्या परिषद ने अंग्रेजी, औद्योगिक मनोविज्ञान और समाजशास्त्र कोर्स को दी स्वीकृति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- स्पेस और क्वांटम तकनीकी में 20 क्रेडिट के ऑनलाइन कोर्स को भी हरी झंडी

**अमृत विचार:** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में अब अंग्रेजी भाषा, औद्योगिक मनोविज्ञान और औद्योगिक समाजशास्त्र सहित विभिन्न विषयों में विद्यार्थी शोध कर सकेंगे। विश्वविद्यालय की विद्यापरिषद की 75वीं बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न प्रमुख निर्णय लिए गए।

पीएचडी छात्रों की सुविधा को देखते हुए आरडीसी (रिसर्च डिग्री कमेटी) को हर महीने आयोजित करने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगी। इस निर्णय से शोधार्थियों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसके साथ ही छात्रों को नई तकनीकी से जोड़ने पर भी जोर दिया गया है।

विश्वविद्यालय ने तेजी से उभरती स्पेस और क्वांटम तकनीक में 20 क्रेडिट के ऑनलाइन कोर्स को भी हरी झंडी दी है, जिससे छात्र उद्योग की जरूरतों के अनुसार तैयार हो सकें। इसी क्रम में इनोवेशन हब में छात्रों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू करने पर सहमति बनी है। दो क्रेडिट के इस इंटर्नशिप में छात्रों को स्टार्टअप के साथ काम करने का अवसर मिलेगा और स्टाइपेंड देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है, ताकि छात्र नवाचार और स्टार्टअप की दिशा में आगे बढ़ सकें।

एकेटीयू में अब जर्नलिज्म और मास कम्युनिकेशन तथा ग्राफिक्स मल्टीमीडिया प्रोग्राम की भी पढ़ाई शुरू की जाएगी। वहीं यूपीआईडी में बीसीए पाठ्यक्रम शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है।

सेमिनार ग्रांट को 50 से बढ़ाकर 100, विश्वेश्वरैया ग्रांट को भी 50 से बढ़ाकर 100 और ट्रैवल ग्रांट को 50 से बढ़ाकर 100 छात्रों तक करने पर सहमति बनी।

संबद्ध महाविद्यालयों को 40 प्रतिशत पीजी पाठ्यक्रमों को मूक्स (मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स) के माध्यम से संचालित करने की अनुमति दी गई है। साथ ही संबद्ध संस्थानों की शैक्षणिक और परीक्षा गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए उनकी स्वायत्तता के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली। इसके अलावा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, लखनऊ की शैक्षिक स्वायत्तता बढ़ा दी गई है।

### भाषा विश्वविद्यालय की डॉ. रुचिका का कोर्स पढ़ेगें विद्यार्थी

- अमृत विचार, लखनऊ :ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉ. रुचिका सुजय चौधरी द्वारा तैयार किया गया ऑनलाइन पाठ्यक्रम "मैनेजमेंट कम्यूनिकेशन : कॉन्सेप्ट्स, स्किल्स एंड एप्लिकेशंस" स्वयम (SWAYAM) प्लेटफॉर्म के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। यह विश्वविद्यालय का पहला कोर्स है जिसे इस राष्ट्रीय प्लेटफॉर्म पर स्थान मिला है। इस कोर्स का प्रसारण जुलाई 2026 से किया जाएगा। इसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के दिशा-निर्देशों के अनुसार तैयार किया गया है। यह पाठ्यक्रम प्रबंधन संचार के मूलभूत सिद्धांतों, मॉडलों और प्रक्रियाओं पर आधारित है, जिसमें संगठनात्मक कार्यों जैसे योजना, नेतृत्व और नियंत्रण में संचार की भूमिका को समझाया गया है। कोर्स में मौखिक, अमौखिक और लिखित संचार कौशलों पर विशेष जोर दिया गया है। इसमें व्यावसायिक पत्राचार, रिपोर्ट लेखन, प्रस्तुतीकरण, बैठक संचालन, वार्ता और विवाद समाधान जैसे व्यावहारिक पहलुओं को भी शामिल किया गया है, जिससे विद्यार्थी कार्यस्थल की आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बन सकें। यह पाठ्यक्रम 9 सप्ताह का और 4 क्रेडिट का होगा। इसे डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों के लिए उपयोगी माना गया है। मूल्यांकन में 25 प्रतिशत अंक आंतरिक मूल्यांकन और 75 प्रतिशत अंक अंतिम परीक्षा से निर्धारित होंगे।

### मानव व नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

अमृत विचार , लखनऊ: मानव और नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट द्वारा कड़े कदम उठाए गए हैं। इसके लिए ऑर्गेनाइज्ड क्राइम हेल्पलाइन नंबर 7839861034 जारी किया गया है। उक्त नंबर 24 घंटे ऑन रहेगा।

एडीसीपी क्राइम किरन यादव बताया कि कोई भी व्यक्ति मानव और नशीले पदार्थों की तस्करी से संबंधित सूचनाएं दे सकता है। हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे संचालित रहेगी। एडीसीपी का कहना है कि संगठित अपराधों एवं साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक नया ट्विटर (X) हैंडल Crime_branchlko भी प्रारंभ किया गया है।

# शिक्षा भवन में बाल निकुंज के जिला टॉपर्स सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार ने माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर बच्चों को दी शुभकामनाएं।

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के परीक्षा परिणाम में बाल निकुंज स्कूल्स एंड कॉलेज के मेधावी विद्यार्थियों को माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सम्मानित किया। विद्यालय के परिणाम में जिला की मेरिट सूची में कुल 10 टॉपर्स हैं जिसमें हाई स्कूल के 7 और इंटरमीडिएट के तीन विद्यार्थी शामिल हैं। इन सभी 10 मेधावियों को जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मण्डल डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, उप संयुक्त शिक्षा निदेशिका, मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मंडल डॉ. दिनेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व सहायक जिला विद्यालय निरीक्षिका मनीषा द्विवेदी द्वारा माला पहनाकर, लड्डू खिलाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अधिकारियों के साथ विद्यालय के कोऑर्डिनेटर सुधीर मिश्रा, प्रधानाचार्या डॉ. अनूप कुमारी शुक्ला, प्रधानाचार्या भगवती भंडारी, प्रधानाचार्या रश्मि शुक्ला, उप प्रधानाचार्या रीना पांडे, ओपी वर्मा, एम मिश्रा, एसके पांडे और सहायक अध्यापिका वसुधा दीक्षित व शिवा सिंह मेधावियों के साथ उपस्थित रहीं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बच्चों से बातचीत किया और निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया जिससे व समाज व देश के लिए अच्छा कार्य करें।


मानस ठाकुर | यशी शुक्ला | साक्षी वर्मा | दिवेश सिंह | आंचल मिश्रा | अक्षत पाल

### लोक भारती इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

- गीता पल्ली आलमबाग लोक भारती इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यार्थियों ने इस बार भी यूपी बोर्ड की परीक्षा में हाई स्कूल की छात्रा कृतिका पांडे ने 88 .5 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में टॉप किया। कपिल कुमार यादव 85 .16 प्रतिशत, मानस ठाकुर 84 .16 प्रतिशत, काम्या पांडे 83 .16 प्रतिशत विनायक कुमार श्रीवास्तव 82 .83 प्रतिशत एवं सुरभि उपाध्याय ने 80 .66 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इंटर की बोर्ड परीक्षा में छात्रा यशी शुक्ला ने 79 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। छात्रा साक्षी वर्मा को 75 .4 प्रतिशत, छात्र दिवेश सिंह को 74 प्रतिशत, छात्रा आंचल मिश्रा 71 .6 प्रतिशत एवं छात्र अक्षत पाल ने 71 .4 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता हासिल की। विद्यालय की संस्थापक प्रधानाचार्य ममता दीक्षित ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी हमारे विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय के निदेशक नमन दीक्षित ने कहा कि लोक भारती इंटर कॉलेज का विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर पूरा ध्यान रहता है।

### बालनिकुंज के हाईस्कूल मेधावी


दिव्या पाल 95 .50 प्रतिशत | यश वर्मा 94 .83 प्रतिशत | दिव्यांश तिवारी 94 .33 प्रतिशत | वंशिका शर्मा 93 .83 प्रतिशत
वर्तिका श्रीवास्तव 93 .67 प्रतिशत | शिवम श्रीवास्तव 93 .67 प्रतिशत | जान्हवी वर्मा 93 .88 प्रतिशत | साक्षी यादव 91 .50 प्रतिशत

**बाल निकुंज के इंटरमीडिएट के मेधावी**

आकांक्षा सिंह 89 .80 प्रतिशत | अंशिका 89 .60 प्रतिशत | विभा पाल 89 .60 प्रतिशत

### दृढ़ निश्चय से दिव्यांगता को हराया

मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि एक बच्ची दोनों हाथ से दिव्यांग हैं। जिसके दोनों हाथों में समस्या है, एक हाथ की उंगलियों में जबकि बाया हाथ पूर्ण विकसित नहीं है। लेकिन उसकी सुंदर हैंडरायटिंग किसी का भी मन मोह लेती है। वह छात्रा अत्यंत मेधावी और प्रतिभाशाली है, जिससे मैंने उसका परिचय हिंदी व इंग्लिश में लिखवाकर उसकी राइटिंग को अपनी डायरी में संरक्षित किया है। छात्रा ने यह साबित किया है मजबूत संकल्प के आगे कोई भी बाधा नहीं टिक सकती है।


नेशनल पीजी कॉलेज में परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते प्राचार्य डॉ. देवेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

### नेशनल पीजी में सम सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू

अमृत विचार , लखनऊः नेशनल पीजी कॉलेज में सम सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। प्रथम पाली में छठे सेमेस्टर में बीकॉम, बीकॉम (ऑनर्स), बीसीए, बीवोक बैंकिंग एवं बीवोक सॉफ्टवेयर तथा चतुर्थ सेमेस्टर में बीएससी (जूलॉजी एवं फिजिक्स) और बीए (इतिहास) की परीक्षा संपन्न हुई। इस पाली में कुल 1261 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे, जिनमें 5 अनुपस्थित रहे और 1256 ने परीक्षा दी। इसके बाद द्वितीय पाली में छठे सेमेस्टर में बीए (राजनीतिशास्त्र), बीबीए एवं बीबीए डिजिटल बिजनेस की परीक्षा आयोजित की गई। इसमें 427 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें 1 अनुपस्थित रहा और 426 ने परीक्षा दी। परीक्षा शुरू होने से पहले गेट पर ही परीक्षार्थियों की सघन जांच की गई।

## सिटी डायरी


एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में स्कूली छात्राएं।

### छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए किया प्रोत्साहित

अमृत विचार, लखनऊ : आईआईटी कानपुर के निर्देशन व उन्नत भारत अभियान के तहत एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में स्कूली छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया गया। कॉलेज की शिक्षिकाओं ने सरोजिनीनगर के कल्लीपूरब, कल्ली पश्चिम, परवर पश्चिम, परवर पूरब, जेतीखेरा, माती और मेमोरा गांव का दौरा कर मेधावी छात्राओ को सम्मानित किया। प्राचार्या डॉ. रचना श्रीवास्तव के नेतृत्व में संयोजक डॉ. पूजा शुक्ला के निर्देशन में शिक्षिकाओं ने गांवों का दौरा किया। टीम में निधि सिद्धार्थ, श्वेता तिवारी, मोनिका श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, रिचा मुक्ता, माधुरी यादव, ऊषा पाठक, मोनिका अवस्थी, कंचन मिश्रा, सुमन सिंह शामिल हैं।



कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक व स्टाफ।

### कैंसर के शुरुआती लक्षणों के बारे में बताया

अमृत विचार, लखनऊ : कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान के पब्लिक हेल्थ विभाग की ओर से शुक्रवार को टुडियागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्तन कैंसर जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सीएचसी अधीक्षक डॉ. गीतांजलि सिंह, पब्लिक हेल्थ विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अंशु सिंह, नर्सिंग ऑफिसर श्वेता एवं कशिश कश्यप सहित कई स्वास्थ्यकर्मियों ने भागीदारी निभाई। इस दौरान महिलाओं को स्तन कैंसर के प्रमुख जोखिम कारकों, शुरुआती लक्षणों और समय पर जांच के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्तन या बगल में गांठ, स्तन के आकार या आकृति में बदलाव, निप्पल से असामान्य स्राव या रक्तस्राव, त्वचा में सिकुड़न या लालिमा तथा निप्पल का अंदर धंसना इसके संभावित लक्षण हो सकते हैं।


रोलर स्केटिंग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते बच्चे।

### रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस में दो-दिवसीय डॉ. जगदीश गांधी मेमोरियल इण्टर-स्कूल रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप का प्रारंभ ऑडिटोरियम में हुआ। मुख्य अतिथि संचित भंडारी, प्रोफेशनल इण्डियन इनलाइन फ्रीस्टाइल स्केटर ने दीप प्रज्ज्वलित कर चैम्पियनशिप का उद्घाटन किया और बाल खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में भंडारी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगितायें छात्रों के बौद्धिक एवं शारीरिक विकास हेतु अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। चैम्पियनशिप की संयोजिका गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस की प्रधानाचार्या अनुपमा चेकर ने अतिथियों का


मॉडल यूनाइटेड नेशन में भाग लेते छात्र।

### मॉडल यूनाइटेड नेशन्स का उद्घाटन

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस में दो दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स का उद्घाटन विधान परिषद सदस्य महेन्द्र सिंह ने किया। उन्होंने युवाओं में वैश्विक दृष्टिकोण की आवश्यकता बताई। प्रधानाचार्या शिवानी सिंह ने अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए इसे जिम्मेदार नागरिक बनाने की पहल बताया। इस सम्मेलन में विभिन्न विद्यालयों के करीब 550 छात्र भाग ले रहे हैं।

**भाषा विवि** | केंद्र सरकार के पेटेंट कार्यालय ने डिजायन की पंजीकृत

# अब डिवाइस रोकेगी साइबर क्राइम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


डॉ. पियूष कुमार त्रिवेदी

- साइबर अपराधों की त्वरित पहचान व प्रभावी कार्रवाई संभव होगी

**अमृत विचार:** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में साइबर क्राइम डिटेक्टिव डिवाइस विकसित किया गया है, जो साइबर अपराधों की पहचान और त्वरित कार्रवाई में मदद करेगी। इस डिवाइस के डिज़ाइन को केंद्र सरकार के पेटेंट कार्यालय ने पंजीकृत कर लिया है।

यह डिवाइस विश्वविद्यालय के विधि अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष एवं शिक्षाविद् डॉ. पियूष कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में तैयार किया गया है। इस शोध कार्य में प्रो. (डॉ.) केबी अस्थाना, डॉ. पियूष कुमार त्रिवेदी, स्नेहल अस्थाना एवं डॉ. शिवली श्रीवास्तव का सहयोग रहा है।

यह साइबर क्राइम डिटेक्टिव डिवाइस आधुनिक डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम और पहचान के लिए एक अत्यंत उपयोगी तकनीकी उपकरण है। यह रियल टाइम डिटेक्शन, रोकथाम और कानूनी अनुपालन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिससे साइबर अपराधों की त्वरित पहचान और प्रभावी कार्रवाई संभव हो सकेगी।

वर्तमान समय में इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं, जो पुलिस और न्याय व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव बना रहे हैं। ऐसे में यह डिवाइस जांच और कार्रवाई प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने में सहायक मानी जा रही है।

### इस प्रकार उपयोगी होगी डिवाइस

- साइबर अपराधों की शीघ्र पहचान कर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।
- ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा चोरी एवं डिजिटल फ्रॉड पर प्रभावी नियंत्रण में सहायक होगी।
- कानून प्रवर्तन एजेंसियों को साक्ष्य एकत्र करने एवं जांच प्रक्रिया को सुदृढ़ करने में मदद करेगी।
- डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित वातावरण स्थापित करने में योगदान देगी।
- विधि एवं साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में शोध व शिक्षण को नई दिशा प्रदान करेगी।

# कराटे में लखनऊ की शानदार शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गौतमबुद्ध नगर को दो, अन्य जिलों को एक-एक स्वर्ण

**अमृत विचार:** चौक स्टेडियम के लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में चल रही यूपी स्टेट सब जूनियर, कैडेट व जूनियर कराटे चैंपियनशिप के पहले दिन मेजबान लखनऊ ने तीन स्वर्ण पदक जीतकर शानदार शुरुआत की। प्रियंका सिंह और श्रेष्ठ श्रीवास्तव के दमदार प्रदर्शन से लखनऊ ने बढ़त बनाई।

कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में गौतमबुद्ध नगर ने दो स्वर्ण पदक जीते, जबकि मुजफ्फरनगर, फर्रुखाबाद, वाराणसी, कौशांबी और आगरा को एक-एक स्वर्ण पदक मिला।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि इंजीनियर योगेश कुमार ने किया। इस मौके पर कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के अध्यक्ष टीपी हवेलिया व महासचिव जसपाल सिंह सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

मुकाबलों में कैडेट बालिका कुमिते (54 किग्रा से कम) में गौतमबुद्ध नगर की दिव्या ने स्वर्ण जीता। जूनियर बालिका काता में लखनऊ की प्रियंका सिंह और कैडेट बालक काता में लखनऊ के श्रेष्ठ श्रीवास्तव विजेता रहे। जूनियर बालक टीम काता में भी लखनऊ ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

जूनियर बालिका कुमिते में आगरा की प्रज्ञा शर्मा, कैडेट बालक कुमिते में मुजफ्फरनगर के मोहम्मद अरहम और जूनियर बालक कुमिते में गौतमबुद्ध नगर के दिव्यांश शर्मा ने स्वर्ण पदक जीते। पैरा काता वर्ग में कौशांबी के संभव प्रताप सिंह विजेता रहे।